दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 01 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 124


# देश-समाज को कमजोर करती है विरोध के नाम पर हिंसा:कोविंद

**» नागरिकता कानून गांधी की इच्छा का सम्मान » अभिभाषण में थपथपाई सरकार की पीठ**

**» कहा-इस दशक को भारत का दशक बनाने की सरकार ने रखी नींव**

**» अनुच्छेद 370, 35ए, तीन तलाक, राम मंदिर का भी किया जिक्र**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इच्छा का सम्मान बताते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद ने इसके विरोध के नाम पर हो रही हिंसा की आलोचना की है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार के कामकाज की जम कर तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने बीते 5 वर्षों में वर्तमान दशक और सदी को भारत का दशक और सदी बनाने की नींव रख दी है। इस दौरान राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न योजनाओं, प्राथमिकताओं और कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए दावा किया कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर चल रही है।



राष्ट्रपति ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून बना कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर की इच्छा को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों को नागरिकता देने से किसी क्षेत्र के भौगोलिक-सांस्कृतिक स्थिति पर कोई प्रभाव न पड़े, इसके लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं।

भारत में आस्था रखने और नागरिकता के इच्छुक दुनिया के सभी पंथों से जुड़े लोगों के लिए स्थितियां पहले की तरह है। मैं पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए विश्व समुदाया को इस मामले में संज्ञान ले कर आवश्यक कदम उठाने की अपील करता हूं। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि किसी मुद्दे पर वाद-विवाद चर्चा लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं मगर विरोध के नाम पर हिंसा से देश और समाज कमजोर होता है।

**भारत का दशक बनाने की रखी जा चुकी है नींव**

राष्ट्रपति ने वर्तमान दशक को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इसी दशक में देश को स्वतंत्र हुए 75 साल हो जाएंगे। मेरी सरकार ने बीते 5 वर्षों में इस दशक को भारत का दशक और इस सदी को भारत की सदी बनाने की मजबूत नींव रखी है।

**अनुच्छेद 370 हटाया जाना ऐतिहासिक**

राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 एक को हटाए जाने के फैसले को ऐतिहासिक बताया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल ने कोरोना वायरस के कहर पर दुख जताया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीन में कोरोना वायरस से कई लोगों की मौत पर शुक्रवार को दुख जताया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, चीन में कोरोना वायरस ने सैकड़ों लोगों की जान चली गई है। पीड़ितों के परिवारों और इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए अलग किए लाखों लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। उन्होंने कामना की कि प्रभावितों को इस मुश्किल समय का डटकर मुकाबला करने का साहस और शक्ति मिले।

### दिल्ली आने वालीं 6 ट्रेनें 6 घंटे तक लेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आने वालीं 6 ट्रेनें 45 मिनट से लेकर 6 घंटे तक लेट बताई जा रही हैं। सबसे ज्यादा लेट वास्को-निजामुद्दीन गोवा एक्सप्रेस है जो 6 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंच रही है, जबकि फैजाबाद-दिल्ली फैजाबाद एक्सप्रेस 45 मिनट की देरी से दिल्ली आ रही है। इसके अलावा कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस 3 घंटे, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3 घंटे, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट और यशवंतपुर-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट की देरी से दिल्ली आ रही हैं।

### कोरोना संक्रमण के संदेह में पांच और लोग आरएमएल अस्पताल में भर्ती

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में चीन से आये पांच लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित होने के संदेह में शुक्रवार को भर्ती कराया गया है। आरएमएल में फिलहाल छह लोगों को निगरानी में रखा गया है जिनमे से पांच नये मरीज हैं जबकि एक की रिपोर्ट की फिलहाल प्रतीक्षा की जा रही है। भर्ती कराये गए मरीजों में से दो हाल ही में चीन की यात्रा पर गए थे जबकि अन्य तीन कई वर्षों से चीन में रह रहे थे और इसी महीने वापस लौटे थे। मरीजों में एक महिला है और शेष चार पुरुष है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जांच के लिए सभी मरीजों के नमूने भेज दिए गए है और उनकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

### नेपाल में चार भारतीयों की दम घुटने से मौत

**काठमांडू।** नेपाल में बोरियों के ढेर के नीचे दबकर दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार भारतीय नागरिकों की दम घुटने से मौत हो गई। इस महीने नेपाल में भारतीय नागरिकों के साथ हुए किसी हादसे का यह दूसरा मामला है। यह घटना पश्चिमी नेपाल के प्रांत नंबर 5 में सिद्धार्थनगर नगर पालिका के गल्लामंडी पिपरिया इलाके में हुई। नेपाल पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय शहजाद हुसैन, उनकी पत्नी सद्दाब खातून, उनकी दो साल की बेटी और छह साल का बेटा अपने किराए के कमरे में बोरियों के ढेर के नीचे मृत पाए गए। वे बिहार के रहने वाले थे। वे पिछले 15 वर्षों से इस इलाके में कचरा बिनने का काम करते थे। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार उनकी मौत दम घुटने से हुई होगी।

### जापान में हिमस्खलन में फ्रांस के व्यक्ति की मौत

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के एक पर्वत पर हिमस्खलन के कारण फ्रांस के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसका शव शुक्रवार को बरामद हुआ। स्थानीय पुलिस ने बताया कि वह फ्रांस के सात अन्य लोगों के साथ स्कीइंग के लिए गया था। पुलिस ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि सिल्वेन लेथियर (38) का शव उत्तरी होकाइदो क्षेत्र के तोमामु स्काई रिजॉर्ट की ढलानों से बरामद होने के बाद उसकी मौत की पुष्टि की गई। यह हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर को हुआ था, जब आठ लोगों का समूह पर्वत के ऊपरी इलाके में जमी बर्फ को देखने के लिए स्काइंग पर गया था।

**» एक जवान भी जख्मी**

## नेशनल हाईवे पर एनकाउंटर, 3 आतंकी ढेर, 2 की तलाश जारी

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू के बाहरी इलाके में टोल प्लाजा पर आतंकियों ने शुक्रवार तड़के पुलिस पर हमला कर दिया. इसके बाद सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में 3 आतंकियों को मार गिराया गया। जबकि 2 आतंकियों की तलाश फिलहाल जारी है. खबर है कि इस एनकाउंटर में एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार तड़के जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन्न टोल प्लाजा पर एक पुलिस दल पर एक ट्रक में यात्रा कर रहे 3-4 आतंकवादियों के एक समूह ने गोलीबारी की। इसके तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर आतंकियों को खोजा. अभी एनकाउंटर के बाद नेशनल हाईवे भी बंद कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी सुबह 5 बजे हुई जब पुलिस दल ने श्रीनगर में ट्रक को रोककर नगरोटा के बान इलाके में टोल प्लाजा के पास चेकिंग के लिए रोका। उधमपुर के जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि एहतियात के तौर पर, उधमपुर शह,टिकरी, मंड, राष्ट्रीय राजमार्ग-क्षेत्र , चेनानी क्षेत्र के सभी स्कूल आज के लिए बंद रहेंगे।

## सोनिया के निर्देश पर कांग्रेस कर रही है सीएए का विरोध:स्वामी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि विभाजन के बाद भी पाकिस्तान से भारत आने वाले हिन्दू और सिखों को नागरिकता प्रदान किये जाने की बात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कही थी लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की इच्छा के कारण उनकी पार्टी नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) का विरोध कर रही है। स्वामी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि पाकिस्तान से आये हिन्दू और सिखों को भारत में नागरिकता दी जानी चाहिए लेकिन अब गांधी की इच्छा और उनके निर्देश पर कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने आज संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए सीएए का उल्लेख किया। गौरतलब है कि कोविंद ने आज जब अपने अभिभाषण में सीएए का उल्लेख किया तो सत्ता पक्ष ने काफी देर तक मेज थपथपाकर इसका स्वागत किया तब विपक्षी सदस्यों ने शोर-शराबा किया जिससे कुछ देर तक अभिभाषण में व्यवधान उत्पन्न हो गया।

## दिल्ली में आज भाजपा करेगी ताबड़तोड़ रैलियां

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रचार की गति तेज कर दी है। तकरीबन अब सभी छोटे-बड़े नेता चार से पांच रैली दिल्ली में करते दिख रहे हैं। पहले ये नेता दो से तीन रैली दिल्ली में करते दिख रहे थे। शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली में चार रैलियों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा एक रोड शो में भी भाग लेंगे। अमित शाह का शकूरबस्ती, त्रिनगर वजीरपुर, पीतमपुरा में नुक्कड़ सभा करने का कार्यक्रम है जबकि दिल्ली के मॉडल टाउन में रोड शो करेंगे। इधर जेपी नड्डा भी दिल्ली में तीन रैली को संबोधित करेंगे, जिनमें गोंडा एतिमारपुर और राजौरी गार्डन शामिल है। भाजपा की फायर ब्रांड नेता स्मृति ईरानी मोती नगर, तुगलकाबाद, बदरपुर और संगम विहार में रैली करेंगी। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर पालम, बल्लीमारान और सदर बाजार में नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे।



केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी को दिल्ली के मुस्तफाबाद और घोडा में चुनाव प्रचार करने के लिए लगाया गया है। सिने अभिनेता और गोरखपुर से सांसद रवि किशन दिल्ली में ताबड़तोड़ रैलियों को संबोधित करेंगे। उनका करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, द्वारका और नजफगढ़ में सभा का आयोजन है। इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह महरौली और अंबेडकरनगर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## चुनाव आयोग की टीम ने शाहीन बाग का किया दौरा

**» शांतिपूर्ण चुनाव की समीक्षा की**

**नईदिल्ली (आरएनएस)। आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव होना है. चुनाव की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग की टीम ने शुक्रवार को शाहीन बाग का दौरा किया है।**



टीम का मकसद इस बात की समीक्षा करना है कि यहां आठ फरवरी को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाये जा सकते हैं या नहीं। बता दें कि बीते 15 दिसंबर से यहां नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ लगातार प्रदर्शन हो रहा है. जिस कारण तनाव की आशंका को देखते हुए चुनाव आयोग ये जानना चाहती है कि यहां इस परिस्थिति यहां चुनाव हो सकते हैं कि नहीं.

दिल्ली पुलिस ने भी शाहीन बाग में निर्बाध चुनाव आयोजित कराने के लिए इंतजामों का आकलन किया था. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी थी। इस क्षेत्र में निर्बाध चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर आकलन किया गया। सीएए और प्रस्तावित एनआरसी के खिलाफ पिछले साल दिसंबर से ये प्रदर्शनकारी दिल्ली के शाहीन बाग में धरने पर बैठे हैं. प्रदर्शनकारियों की मांग है कि केंद्र सरकार जबतक सीएए और एनआरसी को खत्म करने का फैसला नहीं करती है, तब तक वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।



## शत्रुघ्न चौहान मामले के दिशानिर्देशों में संशोधन पर सशर्त विचार को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय फांसी की सजा पर अमल से संबंधित 2014 के शत्रुघ्न चौहान मामले में जारी दिशानिर्देशों की समीक्षा को शुक्रवार को तैयार हो गया, लेकिन उसने स्पष्ट किया कि नए दिशानिर्देशों का उस मुकदमे पर असर नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने शत्रुघ्न चौहान और अन्य को पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए। शीर्ष अदालत ने पूछा कि शत्रुघ्न चौहान मामले में न्यायालय का फैसला आरोपी केंद्रित है, इसे केंद्र क्यों बदलना चाहता है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह आरोपी के अधिकारों को खत्म करना नहीं चाहते बल्कि इस मामले को पीड़िता और समाज केंद्रित बनाये जाने के पक्ष में

## दिल्ली के बेटे के सवाल पर ट्वीटर पर घमासान

**» केजरीवाल ने हर्षवर्धन पर कसा तंज**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों और नेताओं की सियासी बयानबाजी जारी है. इस कड़ी में अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता डॉक्टर हर्षवर्धन के उनके हरियाणा के हिसार में पैदा होने और यूपी के गाजियाबाद का रहने वाला कहने पर पलटवार किया है।

केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि आप मुझे गाली दीजिए लेकिन यूपी और हरियाणा में जन्म लेने और दिल्ली में रहने वालों को पराया कैसे बोल सकते हैं। बता दें कि डॉ. हर्षवर्धन ने अरविंद केजरीवाल के खुद को दिल्ली का बेटा बताने पर सवाल खड़ा किया था।

इस मुद्दे पर शुक्रवार को सीएम केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, डॉक्टर साहब, आपको मुझसे नफरत है. आप मुझे गाली दीजिए. आप यूपी और हरियाणा में पैदा हुए और दिल्ली में आकर बसे सब लोगों को पराया कैसे बोल सकते हैं? बीजेपी के लिए वो पराये हैं. पर वो हमारे तो दिल्ली परिवार का हिस्सा हैं. हम दिल्ली वालों ने उनको सबको अपना लिया, अपना परिवार बना लिया।

## बजट सत्र में अर्थव्यवस्था पर अच्छी बहस की आशा : पीएम मोदी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें आशा है कि इस सत्र में अर्थव्यवस्था पर अच्छी बहस देखने को मिलेगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को चाहिए कि वह वैश्विक स्थिति का फायदा उठाए। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह सत्र मुख्य रूप से आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित हो। दोनों सदनों में आर्थिक मुद्दों पर अच्छी बहस हो। भारत को वैश्विक आर्थिक स्थिति का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार महिलाओं, दलितों और हाशिए के लोगों को सशक्त बनाने के लिए जानी जाती है और हम इसी दिशा में कार्य करना जारी रखेंगे। मोदी ने कहा कि चूंकि यह 2020 के दशक का पहला सत्र है, इसलिए इस दशक के लिए एक मजबूत नींव रखने का प्रयास होना चाहिए।

प्रधानमंत्री जब मीडिया से बात कर रहे थे, तब कांग्रेस सहित विपक्षी सदस्यों ने संसद परिसर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने काली पट्टियां बांध रखी थी और नारे लगा रहे थे।

## दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बाहर गोलीबारी की घटना के विरोध में पुलिस मुख्यालय के बाहर रात भर प्रदर्शन के बाद शुक्रवार सुबह जबरन सभी छात्र-छात्राओं को हिरासत में लेकर आईटीओ पर यातायात सुचारु किया गया। पुलिस के अनुसार जामिया की घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएँ पुलिस मुख्यालय के सामने दोनों सड़क को बंद करके प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने रात भर छात्रों से बातचीत करके लोगों को हटाने का प्रयास किया लेकिन छात्र नहीं माने। सड़क बंद होने से पूरे इलाके में होने वाले जाम को देखते हुए सभी प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाया गया।



प्रदर्शन में शामिल पिंजड़ा तोड़ संगठन की ओर कहा गया कि पुलिस ने जबरन घसीट कर उन लोगों को यहां से हटाया जिसमें कुछ छात्र-छात्राओं को चोट लगी है। प्रदर्शनकारी रात भर दिल्ली पुलिस और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जामिया में पुलिस के सामने दिनदहाड़े चली गोली से छात्रों में गुस्सा था। प्रदर्शकारी छात्र गोली चलाने वाले शख्स पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस की लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे हालांकि पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने कल राष्टपिता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाने के लिए जैसेही मार्च निकाला, कैम्पस से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस के सामने अचानक एक शख्स पिस्तौल लहराता हुआ आया और भीड़ पर गोली चला दी जिसमे एक छात्र घायल हुआ है। गोली लगने से जामिया में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रहा छात्र शादाब फारूक जख्मी हो गया। उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। गोली चलाने वाले की पहचान हो गई है जिसे नाबालिग बताया जा रहा है। वह ग्रेटर नोएडा के जेवर का रहने वाला है।

## कांग्रेस सांसदों ने गांधी की प्रतिमा के सामने किया प्रदर्शन

**नईदिल्ली (आरएनएस)। बजट सत्र की शुरुआत से पहले कांग्रेस के सांसदों ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में संशोधित नागरिकता कानून और एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध किया।**



इस प्रदर्शन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और कई अन्य सांसद शामिल हुए। कांग्रेस सदस्यों ने भाजपा के कई नेताओं के विवादित बयानों के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार पर संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया. पार्टी सीएए और एनआरसी का खुलकर विरोध कर रही है। उसका आरोप है कि सरकार अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अपनी नाकामियां छिपाने के लिए इन मुद्दों को उछाल रही है।

गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र आज यानी 31 जनवरी से शुरू हो गया है. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संबोधित किया. बजट सत्र का पहला चरण 11 फरवरी तक चलेगा. मध्यावकाश के बाद इसका दूसरा चरण 2 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल को संपन्न होगा।

## 185 केजी हेरोइन बरामद, होटल मालिक और महिला समेत 6 गिरफ्तार

**» एसटीएफ को बड़ी कामयाबी**




**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स(एसटीएफ) ने अमृतसर जिले के सुलतानपुरविंड इलाके में एक कोठी ने लगभग 185 किलोग्राम हेरोईन बरामद करते हुए इस सिलसिले में एक होटल मालिक और एक महिला समेत करीब छह लोगों को हिरासत में लिया है। बरामद हेरोईन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानिक कीमत 900 करोड़ रूपये से ज्यादा बताई जाती है। सूत्रों के अनुसार एसटीएफ टीम ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर वीरवार-शुक्रवार की रात की। बताया जाता है कि यह कोठी काफी समय से बाहर से बंद थी लेकिन इसके अंदर मादक पदार्थ बनाने का धंधा चल रहा था।